Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 5 ▫ रायपुर, मंगलवार 28 जनवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बागपत में 65 फीट ऊंचा मंच टूटा, 7 की मौत, 80 घायल

### लोगों को ठेले से अस्पताल पहुंचाया, जैन समाज के निर्वाण महोत्सव में हादसा



**नई दिल्ली,** 28 जनवरी (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के बागपत में धार्मिक आयोजन के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। बड़ौत में आयोजित जैन समुदाय के 'लड्डू महोत्सव' के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ के वजन से बांस और लकड़ी से बना मंच अचानक गिर गया। इस घटना में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, जैन समुदाय ने हर साल की तरह इस बार भी 'लड्डू महोत्सव' का आयोजन किया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मंदिर में लड्डू चढ़ाने के लिए पहुंचे थे। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मंच का भार बढ़ गया, जिसके चलते वह ढह गया। बागपत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया। मामूली रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। जिला अधिकारी असीमिता लाल ने बताया कि जैन समुदाय पिछले 30 वर्षों से %लड्डू महोत्सव% का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा, 卐एक लकड़ी का मंच ढह गया, जिससे करीब 40 लोग घायल हुए। इनमें से 20 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है, जबकि अन्य का इलाज चल रहा है।

## रायपुर से जबलपुर के लिए चलेगी वंदेभारत ट्रेन



### सोमवार से शुक्रवार इस रूट पर चलेगी ट्रेन

**रायपुर,** 28 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश का सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, रेलवे जल्द ही रायपुर से जबलपुर तक वंदेभारत ट्रेन की शुरुआत करने जा रहा है, जो रायपुर वाया गोंदिया जबलपुर तक चलेगी।

बता दें कि हाल ही में जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज लाइन बनाई गई है, अगर रेलवे से मंजूरी मिलती है तो यह ट्रेन 7 घंटे में करीब 410 किमी का सफर तय कर यात्रियों को रायपुर से जबलपुर पहुंचा देगी। सूत्रों के मुताबिक, रेलवे बोर्ड द्वारा पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय से इस रूट पर ट्रेन चलाने का शेड्यूल मांगा गया। आनन-फानन में पमरे मुख्यालय से भी जबलपुर से ट्रेन के चलने से लेकर आगे तक का सफर तय करने का शेड्यूल बनाकर रेलवे बोर्ड को भेज दिया गया है। अभी इस रूट पर कोई एक्सप्रेस ट्रेन न होने से लोगों को अमरकंटक एक्सप्रेस का सहारा लेना पड़ रहा है जो कटनी होते हुए जाती है। वंदेभारत ट्रेन के शुरू होने से रायपुर-जबलपुर के अलावा डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, घंसौर के आसपास के क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा।

सूत्रों के मुताबिक रायपुर से जबलपुर के लिए यह वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होगी। यह ट्रेन रायपुर से दोपहर 1.20 बजे चलकर दुर्ग 2.10 बजे, 2.29 बजे राजनांदगांव, 3.55 बजे गोंदिया, 4.29 बजे बालाघाट, 5.44 बजे नैनपुर पहुंचेगी। इसके बाद यहाँ से कछपुरा, मदन महल होते हुए रात 8.15 बजे जबलपुर मुख्य स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद अगले दिन सुबह 5 बजे जबलपुर से रवाना होगी और 5.12 बजे मदन महल पहुंचेगी, इसके बाद 5.26 बजे कछपुरा, 6.49 बजे नैनपुर, 8.08 बजे बालाघाट, 9.10 बजे गोंदिया, 10.24 बजे राजनांदगांव, 11.12 बजे दुर्ग और 11.55 बजे रायपुर पहुंचेगी।

## कांग्रेस ने घोषित की रायपुर निगम के पार्षद प्रत्याशियों की घोषणा

### 4 वार्डों पर फंसा पेंच

**रायपुर,** 28 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस लगातार मंथन कर फैसले ले रही है। सोमवार को छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में मेयर पद का उम्मीदवार घोषित करने के बाद अब रायपुर नगर निगम में वार्डों पर प्रत्याशियों की घोषणा कांग्रेस ने की है। नगरीय निकाय चुनाव 2025 को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम के 66 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति से पार्षद प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। वहीं अब भी रायपुर नगर निगम के चार वार्डों में पार्षद प्रत्याशियों के नाम पर पेंच फंसा हुआ है। मौलाना अब्दुल वार्ड क्रमांक 45, सिविल लाइन वार्ड क्रमांक 47, डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड 52, ले. अरविन्द दीक्षित वार्ड क्रमांक 54 में अब भी प्रत्यशियों के नाम पर माथापच्ची जारी है। **घोषित प्रत्याशियों की सूची पृष्ठ-3 पर देखें।**

## प्रेमिका को मिलने बुलाकर बनाया शारीरिक संबंध, फिर उतारा मौत के घाट



### सनकी आशिक ने खेला खूनी खेल

**सक्ती** 28 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में प्रेम के नाम पर एक खौफनाक हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. रविवार को एक युवती का शव उसके घर से कुछ कदमों की दूरी पर मिला, जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई. जब पुलिस जांच में जुटी, तो सामने आया कि युवती के पुराने प्रेमी ने गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी थी. पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

जानकारी के अनुसार, सक्ती के जाजंग गांव में रविवार को एक युवती की लाश मिली थी. युवती का शव उसके घर से चंद कदमों की दूरी पर मिला. घटना की सूचना मिलते ही सक्ती पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक एक्सपर्ट को भी मौके पर बुलाया गया. इस दौरान जांच में पुलिस को आरोपी रेशम सिदार और युवती के संबंधों के बारे में जानकारी मिली. वहीं साइबर टीम की रिपोर्ट भी उसी की तरफ इशारा कर रही थी. पुलिस ने देर न करते हुए तुरंत आरोपी रेशम सिदार की खोजबीन शुरू की और रायगढ़ से उसे गिरफ्तार किया. जब उससे पूछताछ की गई, तो पहले वह गोलमोल जवाब देकर बचने का प्रयास कर रहा था, मगर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी टूट गया और सारी सच्चाई उगल डाली. आरोपी ने बताया कि मृतिका से उसका पुराना प्रेम संबंध था, मगर मृतिका किसी दूसरे युवक से भी संबंध रखने लगी थी. इसी बात को लेकर वह उसे जान से मारने की योजना बना रहा था. शनिवार रात को आरोपी रेशम लाल सिदार युवती से मिलने पहुंचा, जहां पहले तो दोनों ने आपस में शारीरिक संबंध बनाए. इसके बाद आरोपी ने युवती को दूसरे युवक से संबंधों को लेकर उसके साथ विवाद शुरू कर दिया और सुनियोजित तरीके से उसे सुनसान जगह में ले जाकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. हत्या के बाद आरोपी ने युवती की लाश उसके पड़ोसी के बाड़ी में घसीटकर फेंक दी और उसका मोबाइल और कपड़े छिपा दिए और गांव से रायगढ़ चला गया ताकि कोई उस पर शक न कर सके, मगर पुलिस की जांच में उसकी चालाकी काम नहीं आई. फिलहाल, पुलिस ने आरोपी रेशम लाल सिदार को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### एयर इंडिया की मुंबई-दुबई फ्लाइट में 5 घंटे तक फंसे यात्री

**नई दिल्ली,** 28 जनवरी (न्यूज चैनल)। मुंबई से दुबई जा रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट में यात्रियों को 5 घंटे तक खराब,ष्ट के बीच कैद रहना पड़ा। इस दौरान, यात्री जिनमें छोटे बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल थे जो घुटन से परेशान हो गए। घटना का वीडियो एक यात्री ने सोशल मीडिया पर साझा किया, जो अब वायरल हो गया है। इस वीडियो को अब तक 28 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। यात्री ने अपनी आपबीती इंस्टाग्राम पर लिखते हुए कहा, सुबह 8.25 बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट 5 घंटे की देरी से रवाना हुई। इस दौरान एसी काम नहीं कर रहा था, और क्रू ने कोई राहत नहीं दी। जब यात्रियों ने दबाव बनाया, तब जाकर दरवाजे खोले गए और उन्हें बाहर निकलने दिया गया।

### दिल्ली में वाल्मीकि मंदिर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी



**नई दिल्ली,** 28 जनवरी (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पटपड़गंज और ओखला विधानसभा में रोड शो करेंगे। वाल्मीकि मंदिर में पूजा करने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में लोगों से बातचीत की है।




चूहा- सुनती हो, अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि हरियाणा सरकार ने यमुना में जहर मिला दिया, जिसे आप सरकार ने दीवार बनाकर रोका।

चुहिया- हां जी, दीवार बनाते तक यमुना में जहर बहा नहीं यह केजरीवाल पर यमुना की कृपा है।

## निलंबित आईएएस रानू साहू और व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को झटका, हाईकोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज



**रायपुर,** 28 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कथित कोयला घोटाले में निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू और कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच ने दोनों मामलों पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। इससे पहले ईडी की निचली अदालत ने भी रानू साहू की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था।

बता दें कि कोयला घोटाला मामले में ईडी ने निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू और कोयला व्यापारी सूर्यकांत तिवारी की संलिप्तता का आरोप लगाया है, जिसमें 570 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध वसूली का दावा किया गया है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने इन आरोपों को निराधार बताया, लेकिन ईडी ने कहा कि घोटाले से जुड़े और भी साक्ष्य कोर्ट में प्रस्तुत किए जाएंगे। गौरतलब है कि ईडी के अलावा, ईओडब्लयू ने इस मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू, उप सचिव सौम्या चौरसिया और समीर बिश्नोई के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। ईडी का दावा है कि कोयला परिचालन और परमिट प्रक्रिया में गड़बड़ियों के जरिए राज्य में बड़े पैमाने पर अवैध वसूली की गई है। फिलहाल, इस मामले में 36 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव पूनम पांडे ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**रायपुर,** 28 जनवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस टिकट वितरण के बाद से इस्तीफे का दौर शुरू हो चुका हैं. महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव पूनम पांडे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले पूनम पांडे ने फेसबुक में पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं पूनम पांडे वर्तमान पद महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव के पद से अभी आज से पद मुक्त होते हुए इस्तीफा देती हूं.. मैं पत्रकारिता छोड़कर आज लगातार कांग्रेस पार्टी में कई सालों से महिला कांग्रेस पद में रहते हुए पार्टी के साथ जुड़कर पार्टी के हित में काम करते हुए महिला कांग्रेस में अपनी सक्रियता और सहभागिता दिखाते हुए कार्य करते रही..पर आज जब मेरे साथ पार्टी ने जो वादा खिलाफी की उससे मेरे मन और आत्मसम्मान को बहुत ठेस पहुंची है .. पूर्व पार्षद की धर्म पत्नी जो कभी घर से नहीं निकली, न ही कभी राजनीति में सक्रिय रही। जो संघर्ष के वक्त भी कांग्रेस पार्टी के साथ रहीजजिन्होंने कभी न कांग्रेस का झंडा उठाया, उसको पार्टी ने पार्षद का टिकट दे दिया..इसलिए अब जान गई की अच्छे कार्यकर्ता की पार्टी को जरूरत अब नहीं है ..लड़ने संघर्ष करने वाले कार्यकताओं की जगह पार्टी में नहीं।

## यमुना की पानी को लेकर हरियाणा पर बरसीं सीएम आतिशी

**नई दिल्ली,** 28 जनवरी (न्यूज चैनल)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को भारत के चुनाव आयोग को पत्र लिखकर हरियाणा पर दिल्ली को पानी की आपूर्ति को जानबूझकर दूषित करके जल आतंकवाद में शामिल होने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि यह जानबूझकर किया गया प्रदूषण सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट पैदा कर रहा है और शहर में लाखों लोगों के लिए पानी की आपूर्ति बाधित कर रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया कि आगामी चुनाव प्रभावित न हों। आतिशी ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन को प्रभावित करने के प्रयास में हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली के लोगों की जल आपूर्ति को बाधित करने के जानबूझकर किए गए प्रयास को उजागर करने वाले मेरे दिनांक 27 जनवरी 2025 के पत्र की निरंतरता में, मैं कल प्रस्तुत एक नोट संलग्न कर रही हूं। यानी 27 जनवरी 2025 को दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ ने इस मामले पर दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखा।

